# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM

# GSS - X

## ANNUAL PRACTICE PAPER

निर्देश–

- प्रश्न-पत्र दो खंडों — खंड 'अ' और 'ब' का होगा।
- खंड—'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर देने होंगे।
- खंड—'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

### खंड–'अ'
### (वस्तुपरक प्रश्न)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—**

वर्तमान युग कंप्यूटर युग है। यदि भारतवर्ष पर नज़र दौड़ाकर देखें, तो हम पाएँगे कि जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर का प्रवेश हो गया है। बैंक, रेलवे-स्टेशन, हवाई-अड्डे, डाकखाने, बड़े-बड़े उद्योग-कारखाने, व्यवसाय, हिसाब-किताब, रुपये गिनने तक की मशीनें कंप्यूटरीकृत हो गई हैं। अब भी यह कंप्यूटर का प्रारंभिक प्रयोग है। आने वाला समय इसके विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है। प्रश्न उठता है कि क्या कंप्यूटर आज की ज़रूरत है? इसका उत्तर है— कंप्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु तो नहीं है, किंतु इसके बिना आज की दुनिया अधूरी जान पड़ती है। सांसारिक गतिविधियों, परिवहन और संचार उपकरणों आदि का ऐसा विस्तार हो गया है कि उन्हें सुचारु रूप से चलाना अत्यंत कठिन होता जा रहा है।

पहले मनुष्य जीवनभर में अगर सौ लोगों के संपर्क में आता था, तो आज वह दो-हज़ार लोगों के संपर्क में आता है। पहले दिन में पाँच-दस लोगों से मिलता था, तो आज पचास-सौ लोगों से मिलता है। पहले वह दिन में काम करता था, तो आज रातें भी व्यस्त रहती हैं। आज व्यक्ति के संपर्क बढ़ रहे हैं, व्यापार बढ़ रहे हैं, गतिविधियाँ बढ़ रही हैं, आकांक्षाएँ बढ़ रही हैं, साधन बढ़ रहे हैं। इस अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की समस्या आज की प्रमुख समस्या है। कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस आवश्यकता ने अपने अनुसार निदान ढूँढ़ लिया है।

कंप्यूटर एक ऐसी स्वचालित प्रणाली है, जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। हड़बड़ी में होने वाली मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर रामबाण औषधि है। क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक भूमिका हो या लाखों-करोड़ों की लंबी-लंबी गणनाएँ कंप्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है। पहले इन कामों को करने वाली कर्मचारी हड़बड़ाकर काम करते थे, एक भूल से घबराकर और अधिक गड़बड़ी करते थे। परिणामस्वरूप काम कम, तनाव अधिक होता था। अब कंप्यूटर की सहायता से काफी सुविधा हो गई है।

**I. वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है क्योंकि–**

(क) कंप्यूटर के बिना जीवन की कल्पना असंभव-सी हो गई है।
(ख) कंप्यूटर ने पूरे विश्व के लोगों को जोड़ दिया है।
(ग) कंप्यूटर जीवन की अनिवार्य मूलभूत वस्तु बन गया है।
(घ) कंप्यूटर मानव सभ्यता के सभी अंगों का अभिन्न अवयव बन चुका है।

**II. कंप्यूटर के बिना आज की दुनिया अधूरी है, क्योंकि-**

(क) सारी व्यवस्था, उपकरण और मशीनें कंप्यूटरीकृत हैं। (ख) कंप्यूटर ही मानव एकीकरण का आधार है।
(ग) कंप्यूटर ने सारी प्रक्रियाएँ आसान बना दी हैं। (घ) कंप्यूटर द्वारा मानव सभ्यता अधिक समर्थ हो गई है।

**III.** 'स्वचालित प्रणाली' से लेखक का तात्पर्य है–

(क) दूसरे के सहयोग से चलने वाली पद्धति
(ख) अपने आप चलने वाली पद्धति
(ग) बैटरी से चलने वाली पद्धति
(घ) पानी से चलने वाली पद्धति

**IV.** गद्यांश हमें संदेश देता है–

(क) कंप्यूटर हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है।
(ख) विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है।
(ग) विज्ञापन हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है।
(घ) मोबाइल हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है।

**V.** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर

कथन (A) : हड़बड़ी में होने वाली मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर रामबाण औषधि है।

कारण (R) : जल्दी में मानव द्वारा बहुत-सी गलतियाँ छूट जाती हैं। इन गलतियों को कंप्यूटर तुरंत सुधार देता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) [illegible]
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**

पशु को बाँधकर रखना पड़ता है, क्योंकि वह निरंकुश है। चाहे जहाँ-तहाँ चला जाता है, इधर-उधर मुँह मार देता है। क्या मनुष्य को भी इसी प्रकार दूसरों का बंधन स्वीकार करना चाहिए? क्या इससे उसमें मनुष्यत्व रह पाएगा। पशु के गले की रस्सी को एक हाथ में पकड़कर और दूसरे हाथ में एक लकड़ी लेकर जहाँ चाहो हाँककर ले जाओ। जिन लोगों को इसी प्रकार हाँके जाने का स्वभाव पड़ गया है, जिन्हें कोई भी जिधर चाहे ले जा सकता है, काम में लगा सकता है, उन्हें भी पशु ही कहा जाएगा। पशु को चाहे कितना मारो, चाहे कितना उसका अपमान करो, बाद में खाने को दे दो, वह पूँछ और कान हिलाने लगेगा। ऐसे नर पशु भी बहुत से मिलेंगे जो कुचले जाने और अपमानित होने पर भी जरा-सी वस्तु मिलने पर चट संतुष्ट और प्रसन्न हो जाते हैं। कुत्ते को कितना ही ताड़ना देने के बाद उसके सामने एक टुकड़ा डाल दो, वह झट से मार-पीट को भूलकर उसे खाने लगेगा। यदि हम भी ऐसे ही हैं, तो हम कौन हैं, इसे स्पष्ट कहने की आवश्यकता नहीं। पशुओं में भी कई पशु मार-पीट और अपमान को नहीं सहते। वे कई दिन तक निराहार रहते हैं, कई पशुओं ने तो प्राण त्याग दिए, ऐसा सुना जाता है। पर इस प्रकार के पशु मनुष्य-कोटि के हैं, उनमें मनुष्यत्व का समावेश है, यदि ऐसा कहा जाए तो कोई अत्युक्ति न होगी।

**I. कई पशुओं ने प्राण त्याग दिए, क्योंकि–**

(क) उन्हें विद्रोह करने की अपेक्षा प्राण त्यागना उचित लगा।
(ख) उन्हें तिरस्कृत जीवन जीना उचित नहीं लगा।
(ग) वे यह शिक्षा देना चाहते थे कि प्यार, मार-पीट से अधिक कारगर है।
(घ) वे यह दिखाना चाहते थे कि लोगों को उनकी आवश्यकता अधिक है न कि उन्हें लोगों की।

**II. बंधन स्वीकार करने से मनुष्य पर प्रभाव पड़ेगा–**

(क) मनुष्य सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से कम स्वतंत्र हो जाएगा।
(ख) मनुष्य में व्यक्तिगत इच्छा व निर्णय का तत्व समाप्त हो जाएगा।
(ग) मनुष्य बँधे हुए पशु समान हो जाएगा।
(घ) मनुष्य की निरंकुशता में परिवर्तन हो जाएगा।

**III. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'निराहार' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है–**

(क) उपवास
(ख) भोजन
(ग) जल
(घ) फल सेवन

**IV.** **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A):** कई पशु अपमान नहीं सहते।

**कारण (R):** अपमान सहने वाले पशु मनुष्य कोटि में आते हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**V.** **गद्यांश में नर और पशु की तुलना का आधार बनाया गया है–**

(क) पिटने की क्षमता
(ख) पूँछ-कान आदि को हिलाना
(ग) बंधन स्वीकार करना
(घ) लकड़ी द्वारा हाँके जाना

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**I.** **'तताँरा बहुत बलशाली भी था।'– रेखांकित में पद है–**

(क) संज्ञा पद
(ख) सर्वनाम पद
(ग) विशेषण पद
(घ) क्रिया पद

**II.** **'वे माँ से कहानी सुनते रहते हैं।'– वाक्य में क्रिया-पदबंध है–**

(क) वे माँ से
(ख) माँ से कहानी
(ग) सुनते रहते हैं
(घ) कहानी सुनते

**III.** **'बँगले के पीछे लगा पेड़ गिर गया।'– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है–**

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

**IV.** **संज्ञा पदबंध का उदाहरण छाँटिए–**

(क) अब भाई साहब नरम पड़ गए थे।

(ख) दो-तीन बजे कई आदमियों को पकड़ लिया गया।

(ग) लपाती के कुछ युवकों ने इस मूक प्रेम को भाँप लिया।

(घ) वजीर अली बहुत ही खतरनाक आदमी है।

**V.** **'मैं तेज़ी से दौड़ता हुआ घर पहुँचा।'–इस वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध है–**

(क) मैं तेज़ी से
(ख) दौड़ता हुआ घर पहुँचा
(ग) घर पहुँचा
(घ) तेज़ी से दौड़ता हुआ

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**I.** **'बच्चे आए हैं और खेल रहे हैं।'– रचना के आधार पर वाक्य भेद है–**

(क) मिश्र वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(घ) सामान्य वाक्य

**II.** **'राम घर गया। उसने माँ को देखा।'– इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा–**

(क) राम ने घर जाकर माँ को देखा।
(ख) राम घर गया और उसने माँ को देखा।
(ग) राम घर गया अतः उसने माँ को देखा।
(घ) जब राम घर गया, तब उसने माँ को देखा।

**III.** **निम्नलिखित में मिश्रित वाक्य है–**

(क) चोर को देखकर सिपाही उसे पकड़ने दौड़ा।
(ख) नेताजी भाषण देकर चले गए।
(ग) सेठ जानता है कि नौकर ईमानदार है।
(घ) उसने खाना खाया और सो गया।

IV. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है–

(क) वह बाज़ार पुस्तक खरीदने गया।
(ख) वह बाज़ार से पुस्तक खरीद लाया।
(ग) जब वह बाज़ार गया, तब पुस्तक खरीद लाया।
(घ) वह बाज़ार गया और पुस्तक खरीद लाया।

V. कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. सूर्य उदय हुआ और प्रकाश फैल गया। | (*i*) सरल वाक्य |
| 2. मेरे आँगन में जो साइकिल खड़ी है, वह राजू की है | (*ii*) संयुक्त वाक्य |
| 3. व्यस्त होने के कारण मनीष मेरे घर नहीं आया। | (*iii*) मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1-(*i*), 2-(*ii*), 3-(*iii*)
(ख) 1-(*ii*), 2-(*iii*), 3-(*i*)
(ग) 1-(*iii*), 2-(*i*), 3-(*ii*)
(घ) 1-(*i*), 2-(*iii*), 3-(*ii*)

5. निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

I. 'महावीर'–शब्द/समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है?

(क) कर्मधारय
(ख) द्विगु
(ग) तत्पुरुष
(घ) अव्ययीभाव

II. 'वनगमन'– समस्तपद का विग्रह होगा–

(क) वन का गमन
(ख) वन से गमन
(ग) वन को गमन
(घ) वन और गमन

III. 'पीत है जो अम्बर'– का समस्तपद है–

(क) पिताबंर
(ख) पीतंबर
(ग) पीतांबर
(घ) पीला अंबर

IV. 'गुरुदक्षिणा' शब्द के सही समास-विग्रह का चयन कीजिए–

(क) गुरु से दक्षिणा – तत्पुरुष समास
(ख) गुरु का दक्षिणा – तत्पुरुष समास
(ग) गुरु की दक्षिणा – तत्पुरुष समास
(घ) गुरु के लिए दक्षिणा – तत्पुरुष समास

V. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| समस्तपद | समास |
|---|---|
| (*i*) जलधारा | (*i*) तत्पुरुष समास |
| (*ii*) देहलता | (*ii*) द्वंद्व समास |
| (*iii*) पाप-पुण्य | (*iii*) द्विगु समास |
| (*iv*) अंशुमाली | (*iv*) बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं–

(क) (*i*) और (*ii*)
(ख) (*i*) और (*iii*)
(ग) (*ii*) और (*iv*)
(घ) (*i*) और (*iv*)

6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

I. पढ़ाई में मेहनत कर मैं ······················ हो सकता हूँ। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए–

(क) अंधों में काना राजा
(ख) एक पंथ दो काज
(ग) अपना हाथ जगन्नाथ
(घ) पैरों पर खड़ा होना

II. 'विपत्ति में उसकी अक्ल ······················ उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) खो जाना
(ख) ठनक जाना
(ग) चकरा जाना
(घ) आगबबूला हो जाना

III. सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ...................... हैं। रिक्त स्थानों की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।

(क) बाजी लगा देते हैं। (ख) जान लगा देते हैं।

(ग) ताकत लगा देते हैं। (घ) आहुति लगा देते हैं।

IV. 'गरीब माँ-बाप भूखे रहकर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे चिंता नहीं करते।' रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?

(क) गला काट (ख) पेट काट (ग) खूब बहा (घ) मन लगा

V. मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए–

(क) ठंडा पड़ना – ढीला पड़ना (ख) सुराग न मिलना – पता मिलना

(ग) एक-एक पल पहाड़ होना – समय पर्वत के समान होना (घ) जी ललचाना – बहुत खाने वाले को थोड़ा खाना देना।

VI. 'विवश होकर रह जाना।' के लिए उपयुक्त मुहावरा है–

(क) मुँह खोलना (ख) दिल मसोसकर रह जाना (ग) चमड़ी उधेड़ना (घ) तार-तार होना

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–

कर चलें हम फ़िदा जानो-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों,
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया,
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया,
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो ..........1
ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं,
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं,
आज धरती बनी है दुल्हन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो ........2

I. प्रस्तुत पंक्तियों में सैनिक मरते दम तक अपने देश के मान-सम्मान के लिए लड़ता रहता है। इन पंक्तियों के माध्यम से कवि देशवासियों को .................... के लिए प्रेरित कर रहा है।

(क) राज्य प्रेम (ख) राष्ट्र प्रेम (ग) धर्म प्रेम (घ) संप्रदाय प्रेम

II. पद्यांश में 'बाँकपन' शब्द प्रतीक है–

(क) वक्रता (ख) अद्‌भुत (ग) छवि (घ) बेमिसालपन

III. धरती के दुल्हन बनने से तात्पर्य है–

(क) दुल्हन की भाँति शर्मा रही है। (ख) सैनिकों के ख़ून से नहा गई है।

(ग) बलिदान से गौरवान्वित हुई है। (घ) दुल्हिन की भाँति अपने प्रियतम की आस देख रही है।

IV. 'सर पर कफ़न बाँधने' का अर्थ है–

(क) बलिदान के लिए तैयार होना। (ख) मरने की कोशिश करना।

(ग) अपने लिए जान की बाजी लगाना। (घ) लोगों को दिखाना कि हम मरने से नहीं डरते।

V. पद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'नब्ज़' का क्या अर्थ है?

(क) नाड़ी या शिरा
(ख) नलिका
(ग) नयापन
(घ) उम्मीद से भरा

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –

I. 'ऐसी वाँणी बोलिए, मन का आपा खोइ।' कवि ने ऐसा कहा है क्योंकि–

(क) मीठी वाणी दवा है।
(ख) मीठी वाणी से मन दुखी होता है।
(ग) मीठी वाणी से सबको सुख मिलता है।
(घ) मीठी वाणी से ज्ञान मिलता है।

II. 'भू पर अंबर के टूटने' का भाव है–

(क) बादल का गिरना
(ख) पानी का गिरना
(ग) मूसलाधार बारिश का होना
(घ) बाढ़ आना

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन कीजिए–

हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं, बकता है। हम जब अकेले पड़ते हैं, तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते रहते हैं। अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे। एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में पूरा करने की कोशिश करने लगे। वैसे भी दिमाग़ की रफ़्तार हमेशा तेज़ ही रहती है। उसे 'स्पीड' का इंजन लगाने पर वह हज़ार गुना अधिक रफ़्तार से दौड़ने लगता है। फिर एक क्षण ऐसा आता है जब दिमाग़ का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है। यही कारण है जिससे मानसिक रोग यहाँ बढ़ गए हैं।

अक्सर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं। हम या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्यकाल में। असल में दोनों ही काल मिथ्या हैं। एक चला गया है, दूसरा आया नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए। चाय पीते-पीते उस दिन दिमाग से भूत और भविष्य दोनों ही काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंतकाल जितना विस्तृत था।

I. गद्यांश में मानसिक रोगों के बढ़ने का कारण बताया गया है–

(*i*) अमेरिका से प्रतिस्पर्धा करना।
(*ii*) तेज़ रफ़्तार से दौड़ते दिमाग का तनाव।
(*iii*) सामर्थ्य से अधिक कार्य करने का दबाव।
(*iv*) खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहना।

(क) केवल (*i*)
(ख) (*i*) और (*ii*)
(ग) (*i*), (*ii*) और (*iv*)
(घ) केवल (*iii*)

II. जीवन की रफ़्तार बढ़ने का अर्थ है–

(क) प्रतियोगी होना।
(ख) दूसरों को हराना।
(ग) तीव्र गति से कार्य का निष्पादन करना।
(घ) जल्दी बूढ़ा होना।

III. 'दोनों ही काल मिथ्या हैं'– इसका तात्पर्य है–

(क) समय सदा सत्य नहीं रहता।
(ख) दोनों ही काल झूठे हैं।
(ग) व्यक्ति का नियंत्रण केवल वर्तमान पर रहता है।
(घ) व्यक्ति को खट्टी-मीठी यादों में नहीं रहना चाहिए।

IV. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A): हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है।

कारण (R): हमारे सामने जो वर्तमान होता है। वर्तमान क्षण ही सत्य है। हमें उसी में जीना चाहिए।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**V. अनंतकाल के विस्तृत होने का कारण था–**

(क) समय व्यतीत नहीं हो पाने के कारण।
(ख) लेखक के बोर होने के कारण।
(ग) लेखक केवल वर्तमान के बारे में ही सोच पा रहा था।
(घ) आकाश का दूसरा नाम अनंत है।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

**I. तताँरा-वामीरो कथा के माध्यम से समाज की एक भीषण समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है? उपयुक्त विकल्प के माध्यम से चुनकर लिखिए–**

(*i*) जाति-प्रथा
(*ii*) बेमेल-विवाह
(*iii*) विवाह के परंपरागत नियम
(*iv*) दहेज प्रथा

(क) केवल (*i*)
(ख) (*i*) और (*ii*)
(ग) (*ii*) और (*iv*)
(घ) केवल (*iii*)

**II. निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य 'कारतूस' पाठ के संदेश को दर्शाता हैं–**

(क) देश की आजादी की कीमत पहचानना एवं उसकी रक्षा करना।
(ख) देश को उन्नति के शिखर पर पहुँचाना।
(ग) देश के आर्थिक विकास में मदद करना।
(घ) देश के सामाजिक विकास में मदद करना।

## खंड–'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–**

(क) अंग्रेज़ हमारे देश में व्यापार करने आए थे। लेकिन वे हमारे देश के शासक बन बैठे थे। वे हमारे ऊपर अत्याचार करने लगे जिससे यहाँ की जनता ने उन्हें भगाना उचित समझा।
आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में लेखक ने अंग्रेज़ों के शासनकाल की एक झलक प्रस्तुत की है। जिसके प्रमुख पात्र वज़ीर अली के जीवन का लक्ष्य अंग्रेज़ों को इस देश से बाहर करना था। 'कारतूस' पाठ के आधार पर इस कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए।

(ख) 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि पुलिस ने कैसा दमनचक्र चलाया और क्यों? लोगों ने किस प्रकार उसका मुँहतोड़ उत्तर दिया?

(ग) इस वर्ष आपने पाठ्यक्रम में शाश्वत मूल्यों पर आधारित एक पाठ पढ़ा है। इस पाठ में बताया गया है कि गांधी जी में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी। उदाहरण देकर इस बात की पुष्टि कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।**

(क) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश का प्राकृतिक दृश्य अत्यंत मनोरम हो जाता है। इस कथन के आलोक में 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) कवि मैथलीशरण गुप्त ने कहा, 'अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी।' इस पंक्ति की सार्थकता व वर्तमान समय में इसका औचित्य स्थापित कीजिए।

(ग) 'आत्मत्राण' शीर्षक का अर्थ बताते हुए उसकी सार्थकता, कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।**

(क) कल भी उनके यहाँ गया था, लेकिन न तो वह कल ही कुछ कह सके और न आज ही। दोनों दिन उनके पास मैं देर तक बैठा रहा, लेकिन उन्होंने कोई बातचीत नहीं की। जब उनकी तबीयत के बारे में पूछा, तब उन्होंने सिर उठाकर एक बार मुझे देखा फिर सिर झुकाया तो दुबारा मेरी ओर नहीं देखा। हालाँकि उनकी एक ही नज़र बहुत कुछ कह गई। जिन यंत्रणाओं के बीच वह घिरे थे और जिस मनःस्थिति में जी रहे थे, उसमें आँखें ही बहुत कुछ कह देती हैं, मुँह खोलने की ज़रूरत नहीं पड़ती।
'हरिहर काका की पंद्रह बीघे ज़मीन उनके लिए जी का जंजाल बन गई।' कथन के आलोक में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) लेखक गुरदयाल सिंह अपने छात्र जीवन में छुट्टियों के काम को पूरा करने के लिए योजनाएँ तैयार करते थे। क्या आपकी योजनाएँ लेखक की योजनाओं से मेल खाती हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) वह तो जब डॉक्टर साहब की ज़मानत ज़ब्त हो गई तब घर में ज़रा सन्नाटा हुआ और टोपी ने देखा कि इम्तहान सिर पर खड़ा है। वह पढ़ाई में जुटा गया। परंतु ऐसे वातावरण में क्या कोई पढ़ सकता था? इसलिए उसका पास ही हो जाना बहुत था। "वाह!" दादी बोलीं, "भगवान नज़रे-बद से बचाए। रफ़्तार अच्छी है। तीसरे बरस तीसरे दर्जे में पास तो हो गए।..."
टोपी ज़हीन होने के बावजूद कक्षा में दो बारे फेल हो गया। जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों से हार मान लेना कहाँ तक उचित है? टोपी जैसे बच्चों के विषय में आपकी क्या राय है?

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

(क) **जब हम चार रनों से पिछड़ रहे थे**
**संकेत-बिंदु**–• खिलाड़ियों की मनोदशा • दर्शकों की मनोदशा • प्रयास और परिणाम

(ख) **देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव**
**संकेत-बिंदु**–• हमारा देश और संस्कृति • विदेशी प्रभाव • परिणाम और सुझाव

(ग) **मित्रता**
**संकेत-बिंदु**–• आवश्यकता • कौन हो सकता है मित्र • लाभ

15. (क) आपसे अपने बचत खाते की चेक-बुक खो गई है। इस संबंध में बैंक-प्रबंधक को उचित कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखिए।
(शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)

**अथवा**

(ख) नगर निगम को एक पत्र लिखिए जिसमें नालियों की सफ़ाई एवं कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का सुझाव हो।
(शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)

16. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।**

(क) विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के आयोजन के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) विद्यालय में छुट्टी के उपरांत फुटबॉल खेलना सीखने की विशेष कक्षाएँ आयोजित की जाएँगी। इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

17. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-**

(क) विद्यालय के 'अहंग समूह' द्वारा प्रस्तुत ताजमहल नाटक के बारे में नाम, पात्र, दिन, समय, टिकट आदि की सूचना देते हुए एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) अपनी दुकान को किराए पर उठाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. (क) 'यदि मैं समाचार-पत्र होता'–विषय पर एक लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(ख) आपके विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को ई-मेल लिखिए।
(शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)